पत्र सूचना शाखा,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
(राजभवन सूचना परिसर)

विश्वविद्यालय अपने स्टाफ के साथ–साथ निकटवर्ती गांव में टीकाकरण करायें

कृषक महिलाओं को कृषि के साथ–साथ स्वावलंबन, शिक्षा एवं पोषण की भी जानकारी दें

विश्वविद्यालय सभी कार्य पूर्ण पारदर्शिता एवं समयबद्धता से निस्तारित करें

विश्वविद्यालय वृक्षारोपण महाभियान में सहभागिता करें– श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊ : 8 जून, 2021

सभी विश्वविद्यालय कोविड–19 टीकाकरण को शीर्ष प्राथमिकता देते हुये अपने समस्त स्टाफ तथा उनके परिजनों का टीकाकरण कराये साथ ही निकटवर्ती ग्रामों में टीकाकरण के प्रति फैली भ्रांतियों को दूर कर उन्हे टीकाकरण हेतु प्रेरित करें। ये निर्देश उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन से महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली तथा बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय बांदा के कुलपतियों को ऑनलाइन समीक्षा बैठक के दौरान दिये। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पंचायत चुनाव के दौरान बड़ी संख्या में महिला प्रधान निर्वाचित हुईं है उनको विश्वविद्यालय से जोड़ें तथा प्रशिक्षण के माध्यम से विभिन्न सरकारी योजनाओं की उन्हे जानकारी देकर ग्राम सभा के विभिन्न कार्यों जैसे टीकाकरण, शिक्षा, पोषण, स्वावलंबन, स्वच्छता जैसे कार्यों के लिये प्रेरित करें ताकि वे अपनी ग्राम सभा का चौमुखी विकास कर सकें।

राज्यपाल ने कहा कि अभी तक जो महिलायें केवल घर का काम करती थी अब वे ग्राम प्रधान बनी है। अतः ग्राम सभा से जुड़े समस्त विकास कार्यों की जानकारी उन्हे देने के लिये विश्वविद्यालय अपने महिला अध्ययन केंद्रो के माध्यम से प्रशिक्षण दें ताकि वे अपनी ग्राम सभा के प्राथमिक स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रो को सुदृढ़ कर सकें तथा सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों को अपनी ग्राम सभा में दिला सकें इसके साथ ही अपनी ग्राम सभा को क्षयरोग एवं कुपोषण मुक्त करने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभा सके। उन्होंने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय महिलाओं को केवल कृषि कार्यों की ही जानकारी देते है उन्हे कृषि के साथ–साथ ग्रामीण विकास के विभिन्न पहलुओं तथा योजनाओं की भी जानकारी दें ताकि वे अपने गांव में उन्हें लागू कर सकें।

राज्यपाल जी ने इस अवसर पर महिला सशक्तीकरण के साथ–साथ ऑडिट आपत्तियों, शैक्षणिक पदों पर भर्ती में पूर्ण पारदर्शिता, विश्वविद्यालय में चल रहे निर्माण कार्यों, शैक्षणिक उपाधियों का समयबद्ध वितरण, नयी शिक्षा नीति तथा विश्वविद्यालयों में अकादमिक सत्र शुरू किये जाने के सम्बंध में विस्तृत चर्चा की तथा निर्देश दिये की सभी कार्य नियमानुसार पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ किये जाय। उन्होंने कहा कि आगामी वन महोत्सव तथा योग दिवस की तैयारियां अभी से शुरू कर दें ताकि वृक्षारोपण के लिये पौधों की भी व्यवस्था समय से सुनिश्चित हो सके और वृक्षारोपण के लक्ष्य को पूरा किया जा सके इस कार्य हेतु विश्वविद्यालय अपने से सम्बद्ध महाविद्यालय को भी निर्देशित कर दें।

बैठक में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव महेश कुमार गुप्ता, विशेष कार्याधिकारी डा0 पंकज जानी, विश्वविद्यालय के कुलपतिगण एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

——————

राम मनोहर त्रिपाठी /राजभवन (232/19)




Mahatma Jyotiba Phule Rohilkhand University, Bareilly
वित्तीय वर्ष २०२०-२१ में महिला अध्ययन केन्द्र के माध्यम से संचालित हाने वाली गतिविधियाँ
University has established a Centre of Excellence for Women studies (CoEWS) in the university in the Executive Council meeting held on 08-12-2020 by its resolution number 06.02 sub clause 06.02.4.
Seminar
Rally
Workshop
Webinar
CoEWS
Counselling
Training
Protection of rights
Skill development
6/8/2021
Prof. K. P. Singh, VC MJPRU, Bareilly
5


राजभवन उत्तर प्रदेश